an>

Title: Need to levy toll tax at minimum rate on local vehicles using National Highways in Bhilwara parliamentary constituency, Rajasthan.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा) ः मेरे संसदीय क्षेत्र भीलवाड़ा (राजस्थान) से होकर चार राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं, इन चारों राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल शुल्क वसूल करने के लिए टोल नाके बने हुए हैं जो सभी प्रकार के वाहनों से तय दर के हिसाब से टोल शुल्क वसूल करते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर लंबी दूरी पर चलने वाले वाहन जो एक जिले से दूसरे जिले में जाते हैं या एक राज्य से दूसरे राज्य में जाते हैं, से टोल शुल्क वसूल करना उचित है परंतु स्थानीय जिले के निजी वाहनें से भी लंबी दूरी पर चलने वाले वाहनों की दर से शुल्क लिया जाता है, जो कि अनुचित है।

मेरा मा. सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से आग्रह है कि जिस जिले में टोल नाका स्थित है, उस जिले के निवासियों के निजी वाहनों के लिए न्यूनतम दर पर मासिक पास बनाने की व्यवस्था की जाये जिससे कि वहां के निवासियों को राहत मिल सके।